## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**कटनी।** करंट से झुलसे एक युवक को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार खराणा पिता राम करण 36 साल निवासी ठाणी, लालवन माली जिला विराट नगर जयपुर का निवासी था। जिसे पहले पंखे से करंट लगने से मौत होना बताया गया। मृतक शाहनगर रोड पर सफेद मार्किंग करते थे। रात को कमरे में पंखा लगा रहा था। करंट लग गया। जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। वही दूसरी ओर उनके परिजनों द्वारा मीडिया को बताया गया कि युवक खेत मे कर्मचारी था और मोटर पंप चालू करने के दौरान उसे करंट लगा। उसके साथी कर्मचारी व उसके परिचित उसे लेकर जिला अस्पताल पहुँचे थे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव पीएम के लिए भेजा और घटना को जांच में लिया है।

### जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक 28 को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति कटनी की बैठक शुक्रवार 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में पशुओं पर होने वाले अत्याचार एवं क्रूरता को रोकने , पशुओं के अश्रय हेतु पशु गृह का निर्माण , पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी। समिति के सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह ने समिति के उपाध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक सहित कोषाध्यक्ष डॉ आरती तिवारी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ सहित सदस्य विनोद कुमार शुक्ल आयुक्त नगर निगम, पी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सहित जीव वन्य कल्याण बोर्ड विनोद महेन्द्र जी बम से आयोजित बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है।

### जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक 28 को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला रोगी पशु कल्याण समिति कटनी की बैठक शुक्रवार 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले मे पशु कल्याण समिति , मोबाईल व्हीकल यूनिट के अंतर्गत संचालित 7 एम्बुलेंस के संचालन एवं रखरखाव व्यय सहित रोग अन्वेषण प्रयोगशाला हेतु आवश्यक उपकरण एवं उनपर होने व्यय के संबंध में चर्चा की जायेगी। समिति के सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह ने अध्यक्ष जिला कृषि स्थाई समिति, अशासकीय सदस्य संतीष सोनी एवं राजू जायसवाल सहित पुलिस अधीक्षक, वन संरक्षक, आयुक्त नगर निगम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सिविल सर्जन शासकीय पोलीक्लिनिक एवं पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी मुख्य ग्राम योजना से आयोजित बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है।

### शिकायतों की अनदेखी, चांदी काट रहे ठेकेदार, उजड़ रहे परिवार

# ठेंगे पर नियम व आदेश, मिलीभगत से चल रहा शराब का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के साथ ही अपराधों में भी इजाफा हो रहा है। आये दिन किसी न किसी क्षेत्र में चोरी, लूट, मारपीट की घटनाएं होती रहती है। अधिकांश मामलों में नशेड़ियों द्वारा वारदातों को अंजाम दिया जाता है। बड़वारा क्षेत्र में इन दिनों शराब की अवैध बिक्री को लेकर ग्रामीणों एवं महिलाओं में आक्रोश देखा जा रहा है। हैरानी तो इस बात की है कि बार बार शिकायत किये जाने के बाद भी न तो पुलिस और न ही आबकारी विभाग इस ओर कोई ध्यान दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब के अवैध कारोबारियों को संरक्षण प्राप्त है इसीलिये कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

शराब ठेकेदार द्वारा अपने गुर्गों के माध्यम से बड़वारा क्षेत्र में गांव-गांव अवैध रूप से पैकारियों में शराब पहुंचाई जा रही है। गुर्गों के माध्यम से देशी व अंग्रेजी शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। सहज ही शराब मिलने से



न सिर्फ नशेड़ियों की संख्या बढ़ रही है बल्कि गांव का माहौल भी अराजक हो रहा है। महिलाओं का कहना है कि शराब की वजह से पारिवारिक कलह से उनका जीना हराम हो रहा है। शराब के अवैध बिक्री से ग्रामीण परेशान है वहीं युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। नशे की हालत में कई बार हादसों में मौत तक की घटनाएं घटित हो जाती हैं। नशेड़ियों की वजह से महिलाओं को अपमानित होना पड़ रहा है। घर के लोग शराब पीकर घर आते हैं तो झगड़ा फसाद करते हैं। महिलाओं को आर्थिक तंगी होने के साथ साथ कलह का भी सामना करना पड रहा है। अवैध शराब को बंद कराने मे जिम्मेदार लाचार नजर आ रहा है ।

#### महिलाएं शराब की अवैध बिक्री रोकने कई बार कर चुकी हैं शिकायत

विगत कुछ दिवस पूर्व महिलाओं ने भी बड़वारा विधायक को अवैध शराब दुकान बंद करबाने व ग्राम ग्राम में शराब कि अवैध बिक्री के कार्यों पर रोक लगाये जाने के विषय मे ज्ञापन देकर मांग की हैं कि अवैध शराब दुकान को बंद करवाने के साथ ही शराब ठेकेदार के द्वारा करवाये जा रहे अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगवाई जाए। अभी बीते दिनों दिन शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह के क्षेत्र भ्रमण के दौरान भी महिलाओं ने ज्ञापन सौंपकर शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी।

नगर में संचालित देशी एवं अंग्रेजी शराब के ठेकेदार गुर्गे गांव-गांव शराब खुलेआम पहुंचा रहे है। वहीं प्रशासन को खुलेआम चुनौती देते हुए वाहन में रखकर दिन-दहाड़े शराब का परिवहन करते हैं। बताया गया है कि जिम्मेदारों से बड़ी सेटिंग करके गांव-गांव शराब पहुंचाने की खुली छूट मिली है। थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में प्रतिदिन अवैध शराब रूप से ठेकेदार द्वारा बोलेरो वाहन से बड़वारा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पहुंचाई जा रही है लेकिन इस पर जिम्मेदार रोक लगाने मे ढिलाई बरत रहे हैं।

#### ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

शराब की अवैध बिक्री बंद नहीं होने के चलते ग्रामीणों व महिलाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी न तो जनप्रतिनिधि और न ही पुलिस महकमा इस ओर ध्यान दे रहा है। मिलीभगत के चलते कोई भी अवैध कारोबार को बंद कराने में सक्षम साबित नहीं हो पा रहा है। महिलाओं ने कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराते हुए शराब की अवैध बिक्री बंद कराने मांग की है।

# जिले में 1672 बूथों पर पिलाई गई पोलियो दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के तहत रविवार को जिले के 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1 लाख 73 हजार 469 बच्चो को पोलियो की दवा पिलाने के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 85 फीसदी से अधिक बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई। रविवार को बूथ पर जाकर पोलियों की दवा पीने से वंचित बच्चों को स्वास्थ्य कर्मी अब घर-घर पहुंचकर 24 जून और 25 जून को पोलियो की दवा पिलायेंगे। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने 0 से 5 वर्ष के पालकों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को दवा पिलाने के लिए घर पहुंचने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सहयोग करे और अपने बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलवाये।

#### आज व कल घर घर जाकर पिलाई जाएगी दवाई

पल्स पोलियो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ वाय सुब्बाराव ने जिला चिकित्सालय पोलियो बूथ मे पहुंचकर बच्चे को पिलाकर जिले मे पोलियो उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। रविवार को आयोजित अभियान के दौरान जिले के 85 फीसदी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर सुविधा की दृष्टि से दवा पिलाने कुल 1 हजार 672 बूथ बनाये गये थे। जिसमे 3 हजार 525 कर्मचारी कार्यरत रहे। 24 एवं 25 जून को उक्त कर्मचारी अब घर - घर पहुंचकर पोलियो की दवा पीने से वंचित रह गये बच्चों को पोलियों की दवा पिलाएगें।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने समस्त कटनीवासियों से अपील की है कि अपने 0 से 5 वर्ष को पोलियो की दो बूंद दवा आवश्यक रूप से पिलवायें एवं कटनी जिले के साथ सम्पूर्ण भारत को पोलियो से मुक्त रखे जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करे।

### पत्नी को बचाने के फेर में आरक्षक पति भी आग में झुलसा

# खाना बनाते समय आरक्षक की पत्नी झुलसी, हालत गंभीर जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिलहरी चौकी में पदस्थ आरक्षक की पत्नी रसोई में काम करते समय रविवार की दोपहर बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद तत्काल उसे शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी लगता ही विभाग के अंदर खलबली मच गई। बताया जाता है कि पत्नी को बचाते हुए आरक्षक पति भी झुलस गया है जिसका इलाज चल रहा है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिलहरी चौकी में पदस्थ आरक्षक लव उपाध्याय की पत्नी



नेहा उपाध्याय दोपहर में खाना बना रही थी, इसी दौरान उसकी साड़ी में आग लग गई। पत्नी की चीख पुकार सुनकर आरक्षक पति उसे बचाने दौड़ा इसी दैरान वह भी झुलस गया। इससे पहले की आग बुझ पाती नेहा बुरी तरह जल चुकी थी। घटना के तत्काल बाद परिजन उसे शासकीय जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर रेफर कर दिया है। डॉक्टरों के मुताबिक आरक्षक की पत्नी घटना में लगभग 80 फ़ीसदी जल गई है जिसके कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### युवक को सांप ने काटा

**कटनी।** घर पर सो रहें एक युवक को जहरीले सर्प ने काट लिया। घटना जिले की सीमा से सटे हुए शाहनगर पन्ना के देवरी गाँव में हुई। जानकारी के अनुसार देवरी निवासी नरेंद्र सिंह राठौर 45 वर्ष को उसके घर में जहरीले सर्प ने काट लिया था। परिजन जब युवक के कमरे में पहुँचे नरेंद्र बोहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। जिसे आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और घटना को जांच में लिया है।

### सीवेज रेस्टोरेशन कार्य की धीमी गति पर नाराजगी



शहर में सीवेज़ रेस्टोरेशन कार्य की धीमी गति तथा किसी भी दुर्घटना की संभावना को देखते हुए निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा संबंधित कंपनी को नोटिस देकर सात दिवस में रेस्टोरेशन कार्य में लगी टीम को बढ़ाकर कार्य को तेज़ी से पूर्ण करने के निर्देश दिये, कार्य में उक्त सुधार न करने पर संबंधित कंपनी के विरुद्ध सख़्त वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी। उक्त बैठक के दौरान प्र .कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा,राहुल जाखड़,राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक,प्र सहा यंत्री आदेश जैन,अनिल जायसवाल,उपयंत्री अश्वनी पांडेय,जेपी बघेल,मृदुल श्रीवास्तव,शैलेंद्र प्यासी, रविशंकर पांडेय ,संजय मिश्रा,पवन श्रीवास्तव,शैलेन्द्र दुबे एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से जीवन धन्य हो जाता है: कथाव्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर से 15 किलोमीटर दूर एक ग्राम ढिठवारा छेःघरा मैं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथाव्यास कृष्ण दाऊजी महाराज द्वारा भागवत कथा का हमारे जीवन में क्या फर्क पड़ता है और श्रीमद् भागवत कथा क्यों कराई जाती है। कथा के माध्यम से दाऊजी महाराज के द्वारा भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का संपूर्ण वर्णन किया गया। आसपास के गांव वाले प्रतिदिन 4:00 बजे से कथा सुनने पंडाल में पहुंच जाते हैं। महाराज जी के द्वारा कथा सुनकर लोग अपने जीवन को धन्य कर रहे हैं। महाराज ने बताया कि हम ग्रस्त जीवन में रहते हुए भी भगवान कृपा एवं मोक्ष



को प्राप्त कर सकते हैं ।

कथा व्यास ने श्रीकृष्ण व सुदामा चरित्र के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया।

महाराजश्री ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं।

### निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# ट्रांसपोर्ट नगर, सीवेज, आपदा प्रबंधन और स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु दिये आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सभी को स्थल निरीक्षण कर पेयजल बिजली आदि व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने निर्देशित किया । बैठक में नगर में स्थित जर्जर भवनों पर की जा रही कार्यवाही हेतु निगमायुक्त द्वारा दल गठित कर विभिन्न जर्जर भवनो का भौतिक निरीक्षण कर भयप्रद पाये जाने पर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया, शहर में सीवेज़ रेस्टोरेशन कार्य की धीमी गति तथा किसी भी दुर्घटना की संभावना को देखते हुए श्री शुक्ल द्वारा संबंधित कंपनी को नोटिस देकर सात दिवस में रेस्टोरेशन कार्य में लगी टीम को बढ़ाकर कार्य को तेज़ी से पूर्ण करने के निर्देश दिये, कार्य में उक्त सुधार न करने पर संबंधित कंपनी के विरुद्ध सख़्त वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी। निगमायुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि सभी अपने क्षेत्र में सतत निगरानी करे और सीवेज से संबंधित सभी शिक़ायतों को आपदा प्रबंधन की तरह प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करवाये, साथ ही सीवेज कार्य के सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्र में निगम के बेरिकेट लगाया जाना सुनिश्चित करें जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न बने।

#### तैयारियों पर की विस्तृत चर्चा

निगमायुक्त शुक्ल द्वारा आपदा प्रबंधन हेतु गठित प्रकोष्ठ से अब तक की गई तैयारी फ़ायर सेफ्टी जागरूकता हेतु विभिन्न स्थानों में किए गये मॉक ड्रिल के संबंध में जानकारी ली जाकर सभी प्रकार की आपदाओं तथा आपदा संभावित क्षेत्र को पूर्व से चिन्हित कर उससे बचाव हेतु आवश्यक सामग्री पहले से तैयार कर सुरक्षित स्थान में रखने एवं लोगों को ठहराने हेतु सुरक्षित स्थान चिन्हित कर सभी समुचित व्यवस्थाओं को पूर्व से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

निगमायुक्त द्वारा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु की जा रही तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए साप्ताहिक प्लान बनाकर लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने, सीएंडडी वेस्ट जप्त करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण तथा कचरा संग्रहण की जाने वाली गाड़ियों में शत प्रतिशत पार्टीशन हो यह सुनिश्चित करने, सभी सुलभ कॉम्पलैक्स का निरीक्षण कर आगामी 15 जुलाई तक साफ़-सफ़ाई,मोबाइल टॉयलेट,पेंटिंग इत्यादि की जाँच कर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने एवं निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी की सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए शहर को साफ सुंदर रखने तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में कटनी को उच्चतम स्थान प्राप्त करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

### खदानों की ड्रोन से मेपिंग, जीआईएस डाटा प्रोसेसिंग, सीमांकन का दिया जायेगा प्रशिक्षण

# युवाओं को खनन क्षेत्र मे उन्नत ड्रोन प्रशिक्षण दिलानें की तैयारी में जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ड्रोन टेक्नालॉजी के क्षेत्र मे जरूरी स्किल्स और ज्ञान से लैस पीढी तैयार करने के नजरिये से शुरू किये गए प्रोजेक्ट पंख के तहत जिले के 485 युवाओं को ड्रोन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमे से 82 प्रशिक्षणार्थियों को कई नामचीन कंपनियों द्वारा 15 हजार रूपये से 25 हजार रूपये तक के वेतन का जॉब भी आफर किया जा चुका है। जिले में प्रोजेक्ट पंख के समापन के बाद अब जल्दी ही जिला प्रशासन कटनी जिले मे ड्रोन के माध्यम से खदानों की एरियल मैपिंग और सर्वे, सीमांकन व डेटा प्रोसेसिंग के क्षेत्र मे ड्रोन तकनीक के प्रयोग के लिए दक्ष मानव संसाधन तैयार करने की दिशा मे जुट गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद स्वयं कटनी के युवाओं को माईनिंग सेक्टर मे प्रशिक्षण दिलाकर उनके रोजगार नियोजन के लिए कार्ययोजना के प्रारूप, प्रक्रिया के निर्धारण कार्य मे विशेष रूचि ले रहे है।



जिला खनिज प्रतिष्ठान के न्यास मंडल की बीते दिनों संपन्न हुई बैठक मे कटनी के युवाओं के भविष्य के नजरिये से और जिले मे माईनिंग सेक्टर की बहुलता को देखते हुए इस क्षेत्र मे व्यापक संभावनाओं के मद्देनजर युवाओं को माईनिंग सेक्टर मे ड्रोन प्रशिक्षण के लिए जल्दी ही नया प्रोजेक्ट शुरू करने का निर्णय लिया गया था।

प्रोजेक्टर पंख के तहत प्रशिक्षित ज़िले के युवाओं के हुनर को देख कर देश की बड़ी ड्रोन कंपनियाँ जैसे ड्रोन डेस्टिनेशन, दक्ष एरोस्पेस, एवीओसियन, मल्टीप्लेक्स ड्रोन सर्विसेस, प्रखर एविएशन, इंटेलीपैड, इन्ड्रोन्स जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा अब तक 82 प्रशिक्षणार्थियों को जॉब ऑफर किया जा चुका है। इसके साथ ही आंध्रप्रदेश की कंपनी इंटीग्रेटेड फैसिलिटी सर्विसेस द्वारा लगभग 30 प्रशिक्षणार्थियों को नौकरी प्रदान करने हेतु इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट पंख से ड्रोन प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत एक छात्रा चयन भारत सरकार की स्वायत्त सहकारी संस्था इफ़को में महिला उद्यमी के तौर पर हुआ है। इसके अतिरिक्त इफको द्वारा 03 प्रशिक्षणार्थियों को एग्रीकल्चर स्प्रे ड्रोन इंटरप्रेन्योर के रूप में चयनित करने की प्रक्रिया चल रही है।

जिले मे प्रोजेक्ट पंख की समयावधि समाप्त होने के बाद अब खास कटनी जिले के युवाओं के लिए ही माइनिंग सेक्टर मे ड्रोन प्रशिक्षण के इस प्रोजेक्ट पर करीब एक करोड़ रूपये का खर्च अनुमानित है। पिछले सत्र मे आयोजित ड्रोन प्रशिक्षण के तर्ज पर ही माइनिंग सेक्टर के लिए इस ड्रोन प्रशिक्षण मे युवाओं को ड्रोन से मेंपिंग और जी.आई.एस, डाटा प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ताकि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कटनी का युवा माइनिंग सेक्टर मे ड्रोन विशेषज्ञ के रूप मे कार्य कर आजीविका अर्जित कर सके।

#### ट्रेनिंग में क्या सिखायेंगे

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मे चल रहे प्रोजेक्ट पंख के ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम को और व्यापक स्वरूप देकर खनन के क्षेत्र मे ड्रोन प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं की स्किल्स को और बेहतर किया जायेगा। यह अपनी तरह का पहला और अनूठा ट्रेनिंग प्रोगाम होगा। जहां ड्रोन तकनीक से खनन क्षेत्र का सीमांकन, एरियल मेंपिंग, अर्बन प्लानिंग से संबंधित ड्रोन प्रशिक्षण दिया जायेगा।

#### ड्रोन कोर्स का फायदा

प्रशिक्षण कोर्स पूरा करने पर प्रशिक्षणार्थी को रिमोट पायलट सर्टिफिकेट दिया जायेगा। जो डी.जी.सी.ए. द्वारा जारी किया जायेगा। यह सर्टिफिकेट कानूनन ड्रोन ऑपरेट करने का अधिकार प्रदान करेगा। सर्टिफिकेट पाने वाले प्रशिक्षणार्थी सर्टिफाईड ड्रोन पायलट के रूप में अपना कैरियर बना सकेगें।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक 26 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं में आपदा निवारण और शमन के लिए जिला स्तर पर की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक बुधवार 26 जून को अपरान्ह 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा आयोजित बैठक मे महापौर नगर निगम, अध्यक्ष जिला पंचायत सहित पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से उपस्थित रहने का आग्रह किया है। अपर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों को आयोजित बैठक मे निर्धारित एजेंड़ा अनुसार विभाग से संबंधित जानकारी एवं तैयारी के साथ उपस्थित होनें के साथ ही विभाग प्रमुखों को तैयार जानकारी की पीपीटी हार्ड एवं साफ्ट कापी में राहत शाखा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी आज आएंगे

दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी आज 24 जून 2024 को अपरान्ह 04 बजे सिंग्रामपुर आयेंगे और उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत राज्यमंत्री श्री लोधी शाम 05 बजे वीरांगना रानी दुर्गावती खेल मैदान सिंग्रामपुर में पहुंचकर रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके उपरांत राज्यमंत्री श्री लोधी शाम 07 बजे सिंग्रामपुर से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### श्रीदुर्गा चालीसा अखंड पाठ मढिया में कल

पन्ना। जिले को नशें मांस,भय भूख भ्रष्टाचार, जातिभेद छुआछूत, सांप्रदायिकता से मुक्त बनाने परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा पन्ना के माध्यम से तहसील स्तरीय श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ का आयोजन हो रहा है संगठन के मीडिया प्रभारी गजेन्द्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल कार्यक्रम 24 जून को दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा व 25 जून को दोपहर 12 बजे समापन होगा जिसमें में मुख्य रूप से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा जी सहित हजारों शक्तिसाधक व क्षेत्रवासी शामिल होंगे,, आयोजक ने वीडियो के माध्यम समस्त क्षेत्रवासियों को किया आमंत्रित।

### योग को अपने जीवन का अंग बनाएंः कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आवाहन किया है लोगों को स्वयं के लिए और समाज के लिए योग करना चाहिए और योग को हम दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं इस आवाहन को दृष्टिगत रखते हुए 21 जून को योग दिवस का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था। उन्होंने कहा योग दिवस का कार्यक्रम केवल सालाना उत्सव बनकर न रह जाये। यह लोगों की दिनचर्या का अंग बने इस उद्देश्य से जन सहयोग से यह प्रारंभ करने का प्रयास किया है कि हर शनिवार को प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक निःशुल्क योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जायें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज इसका एक प्रैक्टिस सेशन रखा गया था, जिससे यह समझ में आया कि इसमें क्या-क्या चुनौतियां हैं और किस तरह से इसको और बेहतर बनाना है। इसके बाद हमने यह निर्णय लिया है कि अगले शनिवार से यह निःशुल्क कक्षाएं हम मानस भवन में प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक चलाएंगे, जैसा कार्यक्रम योग दिवस के दिन हुआ था वैसा ही होगा, उसमें हम अधिकतम 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था रखेंगे, ताकि लोग वहां पर योगासन और प्राणायाम कर सके। हर शनिवार को प्रातः 06 बजे से शुरू होगा और 07 बजे खत्म हो जाएगा। यह सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क होगी। वहां पर मेट, माइक और बाकी चीजों की व्यवस्थाएं जन सहयोग से की जायेंगी।

## पल्स पोलिया अभियान की शुरूआत

# आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने पिलाई पोलियो वैक्सीन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पल्स पोलियो अभियान में शत प्रतिशत पोलियो वैक्सीन सफल करने जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सख्त निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में महिला बाल विकास सीपीओ जसवंत सिंह वर्मा, हटा परियोजना अधिकारी के निर्देशन में सेक्टर रनेह पर्यवेक्षक चंद्रकांति बहोत्रा की उपस्थिति में घर-घर से बच्चों को बुलाकर आंगनबाड़ी केंद्रों में दो बूंद जिंदगी की पोलियो वैक्सीन पिलाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र बरखेरा चैन ज्योति पटेल, आंगनबाड़ी केंद्र बिजवार कार्यकर्ता माया पटेल, पूजा ठाकुर, मिनी आंगनवाड़ी केंद्र धरमपुरा मोहिनी कुडेरिया, आंगनबाडी केंद्र ककरा कार्यकर्ता नर्मदा पटेल, आंगनबाड़ी केंद्र कौशलपुर कार्यकर्ता कविता पटेल, आंगनबाड़ी केंद्र कुंवरपुर नीता पटेल ने केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाई गई।

### आज व कल भी पिलाई जाएगी पोलियो की दवा



हिनौताकलां। राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो अभियान 23,24 एवं 25 जून अंतर्गत प्रथम दिवस आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र,हिनौता कलां में बूथ बनाकर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 5 बर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई गई, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित सरपंच प्रतिनिधि विक्रांत पटेल एवं बच्चों को दवाई पिलाने हेतु अभिभावकों की उपस्थिति रही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति गुप्ता द्वारा बताया गया कि आज से 3 दिवस 25 जून तक जन्म से 5 बर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को दवा पिलाई जायेगी।

# कलेक्टर ने दयोदय गौशाला का निरीक्षण कर जताई प्रसन्नता

### साथ ही बच्चों को दो बूंद दवा पिलाकर वितरित की चाकलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने रविवार को नगर के आचार्य विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौषाला पहुंचे जहां पर नवनिर्मित पशु स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया साथ ही गौवंश के लिए लगाएं गए टेग देखेगए। संपूर्ण गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखकर प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही कलेक्टर ने गौषाला की पंजी में उल्लेख किया है कि गौशाला में लगभग 2500 गौवंष की समुचित आहार, विहार, चिकित्सा एवं सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था देखकर मन प्रसन्न हो गया। चिकित्सालय के उत्कृष्ठ संचालन, असमय काल धर्म को प्राप्त गौवंश अंतिम क्रिया कर्म, सडको पर बैठे एवं घूम रहे गौवंष को गौशाला में लेकर आने और गौमूत्र, गोबर आदि से विभिन्न उत्पाद निर्माण को लेकर गौषाला के सदस्यो से विस्तृत चर्चा की हैं। इसके बाद गौषाला परिसर में कलेक्टर ने विभिन्न पौधों का पौधारोपण किया गया। इसके बाद कलेक्टर नगर के वार्ड क्रमाक 8 में स्थित शांतिनाथ जिनालय के पास बने पल्सपोलियों केंद्र पर एवं नगर के सरस्वति शिशु मंदिर स्कूल के केंद्र पर बच्चो को पोलियों की दो बूंद दवा पिलाई साथ बच्चो को चाकलेट, बिस्कुट, बलून दिए गए। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष संजय जैन पारसमणि के अलावा गौशाला के सभी सदस्य मौजूद रहे एवं कलेक्टर के साथ में एसडीएम अविनाश रावत, नायब तहसीलदार चंद्रषेखर शिल्पी, सीबीएमओ आरआर बागरी, सतीश वर्मा, इंद्रपाल विष्वकर्मा, लक्ष्मी पनिका पूनम पटेल सहित राजस्व विभाग का अमला मोजूद रहा।

## पुरातात्विक शिलालेखों को पहुंचाया संग्रहालय

दमोह। बटियागढ़ ब्लाक के फतेहपुर के मम्मा झिरिया नामक स्थल पर रखे युद्ध से सबंधित पुरातात्विक शिलालेखोंको आज नायब तहसीलदार बटियागढ़ योगेंद्र चौधरी द्वारा व्यवस्थित कर दमोह स्थित रानी दुर्गावती पुरातत्व संग्रहालय पहुंचाया गया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों कलेक्टर सुधीर कोचर ने भृमण के दौरान इन पुरातात्विक शिलालेखों आदि को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद आज नायब तहसीलदार योगेंद्र चौधरी द्वारा अजब धाम फतेहपुर शाला के महंत श्रीराम अनुग्रह दास जी महाराज और विशाल पटेल की उपस्थिति में आवश्यक कार्यवाही की गई। इस सबंध में एसडीएम निकेत चौरसिया ने बताया फतेहपुर में जो शिलालेख मिले हैं, उनमें चित्र अंकित है। 20 तारीख को कलेक्टर सर का फतेहपुर में भ्रमण पर गये थे। यहां श्री जॉनसन ने बताया कि यह पुरातत्व महत्व की शिलाएं हैं। कलेक्टर सर द्वारा निर्देशित किया गया कि इन शिलाओं को पुरातत्व संग्रहालय के जो अधीक्षक और जनसंपर्क अधिकारी का संयुक्त भ्रमण हुआ, उन्हें देखें और उन्हें संग्रहालय में रखना है, इस तरह से संग्रहालय में रखवाया गया है। अब इसकी ऐतिहासिकता आदि का अध्ययन कराया जाएगा और पता किया जाएगा कि यह कब की है, किस तरह से, किस प्रयोजन से है बनाई गई है। कुछ लोग इन्हें युद्ध अभिलेख कहते हैं, कुछ लोग इन्हें सति के अभिलेख कहते हैं। इसका जब तक अध्ययन नहीं होगा तब तक इनका कालखंड और इसका प्रयोजन और इसकी सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व का हम सिर्फ अनुमान लगा सकते हैं। इसी प्रयोजन से आज इन्हें यहां पर रखवाया गया है। उन्होंने कहा फतेहपुर मंडल के नायब तहसीलदार योगेंद्र चौधरी और पुरात्तव विभाग के सुरेन्द्र चौरसिया का बहुत योगदान रहा। नायब तहसीलदार बटियागढ़ योगेंद्र चौधरी ने बताया 21 तारीख को एसडीएम और पुरातत्व विभाग के अधीक्षक का संयुक्त भ्रमण हुआ, प्राचीन शिलालेखों को सुरक्षित वाहन के माध्यम से पुरात्तव संग्रहालय में रखवाया जायेगा। उन्होंने कहा आज वाहन व्यवस्था करके सुरक्षित तरीके से संग्रहालय में शिलालेख भिजवाए गए। कलेक्टर सर के जो निर्देश थे उन्हीं के परिपालन में यह सब कराया गया है। उन्होंने कहा हमें जब भी संज्ञान में ऐसी कोई जानकारी आती है, हम उन्हें सुरक्षित रखवाने का प्रयास करते रहेंगे।

## वन मंडल में 10 लाख पौधारोपण का लक्ष्य

### वन मंडल स्तरीय वृक्षारोपण कार्यशाला का आयोजन

बनवार। वन मंडल दमोह की सभी रेंजों में 10 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है जिसके चलते वन परिक्षेत्र सागोनी की आर डी एफ वृक्षारोपण प्लांटेशन नोहटा में वन मंडल स्तरीय वृक्षारोपण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वर्षा ऋतु आने को है एवं वन विभाग के वृक्षारोपण क्षेत्र में पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया जाना है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु के पूर्व पौधारोपण कार्यशाला रखी गई जिसमें पौधा का मानकीकरण पौधों का परिवहन रोपण के संबंध में कार्यशाला में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें आरसी चौबे उपवनमंडल अधिकारी दमोह, प्रतीक दुबे उपवन मंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा व रैंजर दमोह विक्रम चौधरी,रैंजर हटा ऋषि तिवारी, तेजगढ़ रैंजर नीरज पांडे, रैंजर सागौनी अखिलेश चौरसिया, तारादेही देवेंद्र गुर्जर, सृष्टि नाजा तेंदूखेड़ा प्रभारी रेंजर वन परिक्षेत्र के स्टाफ ने फील्ड पर जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### नगर एवं सटे क्षेत्र में भी पिलाई गई पोलियो की दवा

तेंदूखेड़ा। नगर एवं क्षेत्र में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ब्लांक स्तर पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को बूथ स्तर पर पोलियो की दवा पिलाई गई। तीन दिन चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत 23 जून से 25 जून तक निरंतर जारी रहेगा। रविवार को बूथ स्तर पर एवं घर घर जाकर आषा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक, सचिव, कोटवार, आरकेएसके साथियां, विग्रेडियर के द्वारा बूथ पर मोबिलाईजेषन कर पोलियो की दवा पिलाई गई। 24 एवं 25 जून को छूटे हुए बच्चों को पोलियो टीम के द्वारा घर घर पहुंचकर दवा पिलाई जाएंगी एवं घरों पर मार्किंग की जाएंगी। ब्लांक स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर इस अभियान की रिपोर्टिंग एवं मांनिटरिंग की जाएंगी।



## पल्स पोलियो अभियान में समाज सेवी संगठनों ने की सहभागिता



दमोह। 23 जून 2024 सेक्टर रामपुर के अंतर्गत आने बाली समाजसेवी संस्था जय साइन शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान ,जिसमें जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा कुसमी मानगढ़, ग्राम सुनबराह आदि कई ग्राम में पिलाई गई जिसमें समिति अध्यक्ष सचेंद्र रजक एएनएम गीता सोनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती स्मृति विश्वकर्मा, सपना रजक, सुनबराह से सनराइज से ग्राम विकास प्रश्न समिति अध्यक्ष राकेश महरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता झरिया पुष्पलता, शशि सोनी आदि लोगो आदिबके माध्यम से दवाई पिलाई गई, देश को पोलियो मुक्त बनाने हेतु सभी अपने-अपने प्रयासों से बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु प्रेरित करें , स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ के कर्मचारी एवं अपने अपने बच्चों को दवा पिलाने हेतु बड़ी संख्या में माता बहनों की उपस्थित हुई।

## बीमारी-बुराइयों से दूर रोग मुक्त जीवन जीने हेतु भव्य दिव्य योग शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बासा तारखेडा में संगीत मय श्रीमद् भागवत महा ज्ञान यज्ञ के साथ-साथ दिनांक 23 जून से 25 जून तक, तीन दिवसीय भव्य दिव्य योग शिविर का आयोजन, यशराज पेट्रोल पंप के बाजू से बासा तरखेड़ा में सुबह 6:00 बजे से 7:30 तक किया जा रहा है, शिविर के आयोजक श्री विज्ञान सिंह परिहार ने बताया कि सात दिवसीय महा ज्ञान यज्ञ श्री मदभागवत संगीत मय कथा वाचक पंडित श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज जी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत गीता कथा सुनाई जा रही है, जिसमें मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह राजपूत एवं पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष □♂□♀पंडित कृष्ण कुमार परोहा एवं बासा तारखेडा ग्राम की पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी एवं भाई बहनों के द्वारा विशेष तीन दिवसीय भव्य दिव्य योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें तनाव मुक्त जीवन जीने की कला एवं बीमारियों से मुक्त जीवन हेतु योग, प्राणायाम, आसन, सूक्ष्म व्यायाम, आहार बिहार, ध्यान, एक्यूप्रेसर एवं प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है, योग शिविर आयोजक श्री विज्ञान सिंह परिहार एवं पतंजलि योग समिति बासा तारखेडा के पदाधिकारी सर्व श्री राम जी सोनी, भोपाल सिंह, कमलेश जैन, श्र प्रदीप राय विजय जैन आदि ने समस्त जिले वासियों से योग शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु सादर आमंत्रित किया है।

## असाटी महिला मंडल ने किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ



दमोह। शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सुंदरकांड की आयोजक श्रीमती रमा, श्रीमती शशि ,श्रीमती अनीता असाटी रही और कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक एवं उपस्थित बहनों के द्वारा श्री राम दरबार के समक्ष पूजन दीप प्रज्वलित कर किया गया वही श्रीमती रानी विठ्ठल असाटी के द्वारा सुंदरकांड का आरंभ किया गया जिसमें साथ देते हुए काजल रश्मि संदीप असाटी एवं समाज की सभी बहनों ने ढोलक मंजीरे बजाते हुए संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर आनंद लिया और अधिक संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही साथ साथ हनुमान चालीसा एवं भजनों की भी बहार रही सभी ने मिलकर सामूहिक आरती की आयोजक के द्वारा चूड़ी बिंदी प्रसाद वितरण एवं जलपान के साथ उपस्थित महिलाओं को सफल सत्संग के लिए बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# पुरैना तालाब सफाई अभियान के दौरान लोगों ने आगे बढ़कर की सहभागिता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया के मार्गदर्शन में बेलाताल में पहला सफाई कार्यक्रम किया गया था, इसके पहले फुटेरा तालाब में कार्यक्रम हुआ था, यह पुरैना तालाब का तीसरा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता इससे जुड़े, यह जनता का अभियान बने। यहां की जनता ने संकल्प लिया है कि हर हफ्ते रविवार के दिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक सफाई करेंगे। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज पुरैना तालाब सफाई अभियान के दौरान व्यक्त किये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मुझे खुशी है देखकर की हमारे छोटे से आवाहन पर बड़ी संख्या में यहां पर सुबह से लोग इकट्ठे हुए हैं और 7 बजे से काम शुरू किया है। मैं जिला प्रशासन की तरफ से सभी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं, सबसे पहले नगर पालिका का, नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारी, नगर पालिका की पूरी टीम ने सुबह से व्यवस्थाएं की है, जिसके कारण किसी को भी यहां पर काम करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। कलेक्टर श्री कोचर ने सफाई अभियान में जुटे सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, मीडिया, स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों और युवा वर्ग सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा जन अभियान परिषद में बहुत महत्वपूर्ण रोल निभाया है।अब हमारा इससे आगे का एक और स्टेप है कि अब आगे यह स्थितियां ना बने, इसके लिये हमने यह तय किया है कि जुलाई और अगस्त के बाद से नवंबर दिसंबर तक लगातार त्यौहार है उससे पहले हर घाट पर, हर तालाब पर हम एक ऐसी व्यवस्था बनाएंगे जिससे की पूजन सामग्री और निर्मली डालने का एक अलग कॉर्नर होगा वहीं पर लोग निर्मली और पूजन सामग्री डाली जायेगी, बाकी घाटों में कहीं पर भी पूजन सामग्री डालना प्रतिबंधित रहेगा, जिससे इसकी सफाई बनी रहे। इसके अलावा यहां पर जो इनफ्लो और आउटफ्लो है उसको ठीक करने का काम हम लोग करेंगे, ताकि यहां पर सीवेज का और गंदा पानी ना मिले। यह तालाब जो पहले स्वच्छ हुआ करता था वैसा ही हो। उन्होंने कहा मुझे बहुत ज्यादा खुशी है कि लोगों ने इस अभियान की बागडोर अपने हाथ में ली है। जब काम की बागडोर कलेक्टर से जनता के पास पहुंचती है तब असली क्रांति होती है, मुझे इसके लक्षण दिखाई देने लगे हैं। मैं सभी के प्रति बहुत आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने बताया हमने दो कार्यक्रम तय किये है, हर शनिवार को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक मानस भवन में निशुल्क योग प्रशिक्षण होगा, उसमें 100 लोगों की व्यवस्था कर रहे हैं। मेरा आमंत्रण है कि उस कार्यक्रम में केवल हफ्ते में एक दिन सुबह 6 से 7 बजे तक के लिये आना है, आपको कुछ भी साथ में नहीं लाना है, आप बस आ जाइए वहां पर सारी व्यवस्थाएं रहेंगी। हर रविवार को इस तरह का सफाई अभियान करेंगे। यहां पर अभी जनता ने मिलकर तय किया है कि अगले रविवार को जटाशंकर मुक्तिधाम पर सफाई करनी है। उन्होंने कहा अगले संडे जटाशंकर मुक्तिधाम पर मिलेंगे।

## अकादमी रेड टीम ने जीता फायनल



दमोह। जिला दमोह क्रिकेट अकादमी द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट में फायनल मैच संपन्न हुआ। फायनल मैच अकादमी रेड एवम अकादमी ब्लू टीम ने खेला जिसमे अकादमी रेड टीम ने फायनल मैच जीता। फायनल मैच में मुख्य अतिथि सत्येंद्र साहू, अध्यक्षता अमर सिंह ने की। अतिथियों ने विजेता एवम उप विजेता टीम को कप प्रदान किया। मैन ऑफ द सीरीज शुभ ठाकुर को कप प्रदान किया गया वेस्ट बॉलर वेस्ट वेटिंग, वेस्ट किपरिंग, वेस्ट फिल्डिंग करने वाले खिलाड़ियों को भी शील्ड प्रदान की गई मुख्य अतिथि सत्येंद्र साहू ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग शहर से लेकर जिले एवम प्रदेश देश विदेश में दमोह का नाम रोशन करना और किसी भी सहयोग की जरुरत हो तो कोच रोहित अठया को नाम दे तो शासन से एवम स्थानीय विधायक सांसद एवम जन प्रतिनिधियों से सुविधा उपलब्ध कराने की पुरी कोशिश करेंगे। अध्यक्षता कर रहे अमर सिंह पार्षद ने कहा कि ये आपकी प्रथम सीढ़ी है आप कंपीटिशन में सदैव मेहनत कर आगे की सीढ़ियों को छुएं। अकादमी के कोच रोहित अठया ने सफल संचालन किया आभार राजा चक्रवर्ती ने किया। इस अवसर पर आर्यन कहार, अरमान वाधवा, माखन साहू, प्रशांत ठाकुर, अक्षत ,लकी, वीरेंद्र ठाकुर, अनिमेष जैन ,सौरभ साहू आदि दमोह क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## किसानों व नागरिकों से मौसम ऐप डाउनलोड करने की अपील

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभी किसान भाई और दमोह जिले के आम नागरिक से मौसम ऐप डाउनलोड करने आग्रह किया। उन्होंने कहा इस एप में आप पाएंगे मौसम के बारे में सही और सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही बारिश के बारे में सही जानकारी मिलने से खेतों में बुआई की तैयारी आसान होगी। उन्होंने बताया सर्व-प्रथम गूगल प्ले स्टोर पर जाये और मौसम आईएमडी (mausam imd) टाईप करे। उसके बाद इंस्टाल (install) बटन पर क्लिक करे। इसके बाद लोकेशन परमिशन (location permission) की अनुमति एवं अन्य प्रदान करे। इसके बाद हिंदी भाषा का चयन करे। इसके बाद आपके जिले के निम्न लिखित जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इस एप के माध्यम से वर्तमान तापमान, मौसम मे आद्रता, हवा की गति एवं दिशा एयर क्वालिटी इंडेक्स की भी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### विवाह सहायता योजना और दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना पर होगी विशेष जनसुनवाई

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया मंगलवार 25 जून 2024 को कलेक्टर कार्यालय, सभी तहसील कार्यालयों एवं सभी जनपद पंचायत कार्यालयों में होने वाली जन सुनवाई के साथ ही थीम आधारित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिसके तहत कलेक्टर कार्यालय में कल्याणी (विधवा) विवाह सहायता योजना एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना से संबंधित लंबित आवेदनों व समस्याओं के निराकरण किए जाएंगे। इसी प्रकार सभी तहसील कार्यालयों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित शिकायतों के निराकरण किए जाएंगे एवं सभी जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद स्तर पर होने वाले विवाह सम्मेलनों से संबंधित समस्याओं के निराकरण किए जाएंगे। इन विषयों के साथ - साथ सामान्य जन सुनवाई भी यथावत आयोजित की जाएगी।

### आज होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**दमोह**। अमर शहीद वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जबेरा विधानसभा के रानी दुर्गावती खेल मैदान सिंग्रामपुर में प्रदेश के पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां और व्यवस्था जोरों पर है, जिन्हें अंतिम रुप दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से होगा, जिसमें राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति रहेगी। लोक गायन श्री जानकी बैंड जबलपुर, नृत्य नाटिका वीरांगना रानी दुर्गावती, चित्र प्रदर्शनी वीरांगना रानी दुर्गावती आधारित दोपहर 01 बजे से तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वातंत्र्य समर त्रिलोक नायक का जीवन और अवदान आज 24 जून को शाम 05 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

### पं. गोपाल प्रसाद दुबे का निधन

**नोहटा**। नगर के प्रतिष्ठित एवं जाने-माने ब्राह्मण, पंडित गोपाल प्रसाद दुबे का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार की रात्री को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे व्यारमा गौरैया नदी के पावन संगम तट पर किया गया । उनकी अंतिम यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## जिला प्रशासन भी नहीं दे रहा ध्यान, इस मानसून व्यर्थ बह जाएगा बारिश का पानी

# बारिश के पानी को सहेजने भवनों में अब तक नहीं बना वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बरसाती जल को जमीन में पहुंचाने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए चर्चाएं तो बहुत होती हैं पर इसे जमीनी स्तर पर लाने के लिए अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बल्कि वर्ष 2017 में तत्कालीन कलेक्टर ने गिरते जलस्तर को भांपते हुए शासकीय कार्यालयों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने के निर्देश भी जारी किए थे, लेकिन 7 वर्ष बाद भी सरकारी कार्यालयों में इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जबकि मकानों में सिस्टम बनाने की अनिवार्यता पहले से है। ये जबावदेही नगर परिषद को दी गई है मानसून की शुरुआत हो चुकी हैं, तो इस साल भी बरसात का पानी व्यर्थ बह जाएगा और जमीन प्यासी रह जाएगी। जबकि पानी के महत्व को हर कोई जानता है। हालांकि भूमिगत जलस्तर बढ़ाने एवं जल संरक्षण को लेकर शासन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए भले ही तमाम प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जल संरक्षण एवं भूमिगत जलस्तर बढ़ाने में स्थानीय प्रशासन रुचि नहीं ले रहा है।




सरकार ने बारिश का पानी धरती में उतारकर भू-जलस्तर बढ़ाने के लिए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया है। लेकिन यहां पर ऐसा नहीं होता दिखाई दे रहा है जल को संरक्षित करने के प्रति नगर परिषद प्रशासन का ध्यान नहीं है। पिछले सात साल से भवन जरूर बन रहे है लेकिन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का शुल्क तक जमा नहीं कराया गया है इस वजह से बारिश का पानी छतों से नालियों में व्यर्थ बह रहा है। नगर परिषद द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त पर ही नए भवनों की अनुमति दी जाती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जांच नहीं करते हैं। बताया गया है कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2009 से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू किया। जिसमें 1500 वर्गफीट में बनने वाले मकान पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया। इसके लिए नगरीय क्षेत्रों में भवन निर्माण के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए अनुमति के पहले फीस जमा कराई जाती है लेकिन पिछले सात वर्ष से भवन जरूर बने है लेकिन वॉटर सिस्टम को लेकर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। इससे न सिर्फ भू-जलस्तर को बढ़ाने की योजना फेल हो रही है बल्कि बारिश का पानी भी पूरी तरह से व्यर्थ बह रहा है। इस सिस्टम का पालन निजी, शासकीय किसी भी निर्माण में नहीं किया जा रहा है। जिससे भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। सिर्फ आदेश कागजो पर ही दौड़ते हुए नजर आ रहे है। अधिकारियो द्वारा भी निगरानी नहीं की जा रही है और निर्माण मनमानी से हो रहे है।

### सिर्फ गड्ढा खोदकर की जा रही खानापूर्ति

निर्देशों पर करीब 7 साल पहले नगर परिषद में सिस्टम बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन यहां भी सिर्फ गड्ढा खोदकर कार्य की खानापूर्ति कर दी गई। हालांकि ब्लॉक के सरकारी भवनों में इस नियम का पालन नहीं किया गया है। जिसमें नगर परिषद, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, आरईएस कार्यालय, आजीविका मिशन कार्यालय, जन शिक्षा केंद्र बीआरसी कार्यालय, कृषि उपंज मंडी, स्वास्थ्य केंद्र, थाना, मिट्टी परीक्षण केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लोक सेवा केंद्र, वन परिक्षेत्र कार्यालय, महिला बाल विकास, पशु चिकित्सालय, शासकीय कॉलेज, हाईस्कूल सहित सभी सरकारी स्कूल भवनों में भी अब तक वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाए गए हैं।

### शुल्क लेने के बाद भी नहीं दे रही ध्यान

नगर परिषद द्वारा दी जाने वाली मकान निर्माण की स्वीकृति में भी वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण नियमानुसार जरूरी है। इसके लिए नगर परिषद द्वारा मकान की अनुमति देने के दौरान निर्माणकर्ताओं से शुल्क जमा कराया जाता है। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने पर नगर परिषद द्वारा यह राशि लौटने का भी प्रावधान है। नगर के लोगों के हजारों रुपए नगर परिषद के पास जमा हैं, लेकिन किसी के द्वारा भी राशि वापसी की मांग नहीं की गई है। नगर के कितने भवनों में सिस्टम लगाए गए है, इसका रिकॉर्ड नगर परिषद के पास नहीं है।

### क्या है वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कोई मशीन नहीं है बल्कि पानी को एकजाई करने की एक सरल प्रक्रिया है। जिसमें भवन निर्माण के समय छत सहित घरों से निकलने वाली नालियों को एकजाई कर दिया जाता है और एक पाईप में डाल दिया जाता है। इस पाईप को घरों के बाहर या भीतर एक गड्ढे में उतार दिया जाता है। ऐसे में बारिश के दौरान घरों की छतों से बहने वाला पानी व्यर्थ नालियों में बहकर उस गड्ढे में पहुंच जाता है। इससे यह पानी सीधे जमीन के भीतर पहुंच जाता है जो भू जलस्तर को बढ़ाने का काम करता है।

### सरकारी भवनों पर ही नहीं किया फोकस

वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सिर्फ नपा के ध्यान से नहीं बल्कि शासन प्रशासन के भी ध्यान से उतर गया है। सरकारी बिल्डिंगों में इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। शहर सहित ग्राम पंचायतों में बन रहे सरकारी आवास, कार्यालय व अन्य बिल्डिंगों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को कम ही इस्तेमाल में लाया जा रहा है। जहां पाइप लगाए गए है वे टूट गए है। जिनका दोबारा सुधार कार्य भी नहीं कराया गया है साथ ही बन रही नई बिल्डिंग में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का पालन नहीं किया जा रहा है।

### 500 से 1000 वर्षों के हिसाब से भव्य विशाल बांदकपुर धाम कोरिडोर निर्माण की परिकल्पना

**दमोह**। बुंदेलखंड व प्रदेश के प्रमुख प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर जहां स्वयंभू शिवलिंग के रूप में भगवान भोलेनाथ विराजमान हैं। जिनको 13वें ज्योतिर्लिंग के रूप में भी भक्त मानते हैं ।बांदकपुर धाम के विकास और व्यवस्था की मांग वर्षों से उठाई जा रही है। जब से बांदकपुर मंदिर बना हुआ है लगभग 400 वर्ष होने जा रहे हैं लेकिन कोई बड़ा व्यवस्थित निर्माण कार्य बांदकपुर धाम में नहीं हो पाया है। वर्तमान पीढ़ी तो लगभग 30 ,50 वर्षों से इसी स्थिति में बांदकपुर धाम को देख रही है। दूसरी ओर हर वर्ष लगातार बांदकपुर धाम आने वाले भक्तों श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है ।जो हजारों से लेकर लाखों में पहुंच गई है। पर्वों के समय तो अब भारी भीड़ को संभालना बहुत कठिन होता जा रहा है। साथ ही भारी संख्या को देखते हुए सुविधाओं व्यवस्था की भी लगातार कमी होती जा रही है। वर्तमान की स्थिति को देखकर और भविष्य की स्थिति का आंकलन करके बांदकपुर धाम में पर्याप्त जगह और पर्याप्त संसाधन सुविधा व्यवस्था को ध्यान में रखकर ही लगभग 500 से 1000 वर्षों के हिसाब से विशाल भव्य कॉरिडोर का निर्माण बांदकपुर धाम में हो। जिसको लेकर एक लिखित सुझाव पत्र हिंदू समाज के प्रतिनिधिमंडल और मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने जिला कलेक्टर सुधीर कुमार को शनिवार शाम बैठक में चर्चा के बाद सौंपा ।

# देव शास्त्र गुरु का आलंबन लेंगे तो भव समुद्र से पार हो सकते हैं: आचार्यश्री



**दमोह** ।सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा किंतु मोह के उदय के साथ प्रत्येक संसारी प्राणी जी रहा है और सुख चाहता है उसके लिए कोई अभीष्ट वस्तु है उसको प्राप्त करने के लिए वह शरण चाहता है तो नवजात जो शिशु है वह किसकी शरण में जाता है बोलो पिता की शरण में ,नहीं वह मां की गोद में जाता है पिता की गोद में जाने से उसे कुछ मिलने वाला नहीं है ।शरण पा लेता है तो उसको शांति मिलती है ।अभीष्ट वस्तु उसे प्राप्त हो जाती है वह निश्चिंत होकर के सो भी जाता है। यह तो नवजात शिशु की बात हो गई इसी प्रकार कोई छात्र है वह किसकी शरण में जाता है विद्या अध्ययन करना चाहता है ज्ञान अर्जन करना चाहता है ज्ञान ही उसको अभीष्ट वस्तु है उसको प्राप्त करने के लिए गुरु का आलंबन आश्रय ले लेता है इसी प्रकार कोई रूग्ण व्यक्ति है और रोग को दूर करना चाहता है क्योंकि रोग के कारण ही उसे पीड़ा हो रही है निरंतर वेदना का अनुभव कर रहा है और उसे वेदना और पीड़ा से मुक्त होने के लिए किसका आलंबन लेता है मां का नहीं ,गुरु का नहीं ,वैद्य का डॉक्टर का आश्रय लेता है ।इसी प्रकार कोई नदी को पार करना चाहता है वह नाव का आश्रय लेता है अथवा तैर करके पार होना चाहता है तैरना आता नहीं तो वह तुम्बी का आश्रय लेता है यह भिन्न-भिन्न व्यक्ति अपनी इच्छित वस्तु को प्राप्त करने यथायोग साधन कारण कलापों को वह ध्यान देता है और आश्रय लेता है ।उसी प्रकार भव समुद्र से हमें पार होना है कि नहीं होना है संसार भव समुद्र से पार होना चाहे उसके लिए किसका आलंबन लेना। देव शास्त्र गुरु इनका आलंबन लेंगे तो भव समुद्र से पार हो सकते हैं ।और देव शास्त्र गुरु का समागम हमें अतीत अनंत काल में कितने बार समागम हुआ आपको ज्ञात नहीं है किंतु उनका आलंबन हमने हृदय से नहीं लिया आलंबन लिया तो होगा किंतु भिन्न-भिन्न इच्छाओं की पूर्ति के लिए आश्रय आधार लिया है और उनकी पूजा आदि की है किंतु भव समुद्र पार नहीं कर पाए ।इसमें देव शास्त्र गुरु का कोई दोष नहीं है। क्योंकि परमात्मभूत है आगम में देव का भी स्वरूप निर्धारित किया है, आगम का भी स्वरूप निर्धारित किया है, गुरु का भी स्वरूप निर्धारित किया है। तो परमार्थ भूत देव शास्त्र गुरु का सानिध्य प्राप्त कर हम भव समुद्र पार नहीं हो पा रहे हैं साधन को अपनाने मात्र से हम भव समुद्र को पार कर जाते हैं तो अभी तक क्यों नहीं किया ।बड़ा प्रश्न है? उसमें कोई दोष नहीं णमोकार मंत्र में कोई अशुद्धि नहीं कोई दोष नहीं उनकी आराधना करते हुए भी भव समुद्र मैं हम पार नहीं हो पाए इसमें निश्चित रूप से स्वयं का ही दोष माना जाता है। इसलिए अपने दोषो को निष्कासित करना शेष रह जाता। साधन तो मिलते रहते है और साधन का मिलना भी बिना पुण्य के उदय के संभव नहीं ।धर्म का समागम अथवा पंच परमेष्ठी का समागम इसके लिए भी पुण्य चाहिए और आप लोग पुण्य संचित करके ही बड़े बाबा के चरणों में बैठे हैं। कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र है लेकिन सिद्ध क्षेत्र में आने के उपरांत भी परिणामों में भी कलुषता बनी रहती है तो सिद्ध क्षेत्र की क्या उपयोगिता है ।

### कुंडलपुर से आर्यिका संघों का मंगल विहार

**कुंडलपुर**। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य अभिनव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से वंदनीय आर्यिका संघों का मंगल विहार कुंडलपुर की पावन धरा से हुआ। आर्यिकारत्न श्री ऋजुमति माताजी ससंघ संभावित चातुर्मास सतना । आर्यिकारत्न श्री गुणमति माताजी ससंघ संभावित चातुर्मास सागर । आर्यिकारत्न श्री विलक्षण मति माताजी ससंघ संभावित चातुर्मास शाहपुर। आर्यिकारत्न श्री भावनामति माताजी ससंघ संभावित चातुर्मास छतरपुर। आर्यिकारत्न श्री सिद्धांतमति माताजी संभावित चातुर्मास वरगी का मंगल विहार 23 जून को कुंडलपुर से हुआ।

# अजब धाम में ग्रेनाइट पत्थर देने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग हटा के मगरोन थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम फतेहपुर में स्थित रामकौमार सरकार अजब धाम मंदिर के महंत पं.राम अनुग्रह दास महाराज द्वारा 13 अगस्त 2022 को लिखित आवेदन पत्र फतेहपुर चौकी में दिया गया था कि जयप्रकाश अग्रवाल निवासी उदयपुर राजस्थान के द्वारा परिवार सहित मंदिर में रूककर स्वंय को ग्रेनाइट पत्थर का व्यापारी होकर पत्थर की खदान बताकर उस समय मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मंदिर में ग्रेनाइट पत्थर देने के एवज में एडवांस के तौर पर 3 लाख 33 हजार की राशि नगद ले गया था उसके बाद पत्थर भेजनें में बहानें बाजी करना एवं अपना मोबाइल बंद कर घोखाधड़ी कर ग्रेनाइट पत्थर के नाम पर मंदिर के मंहत से ठगी की



गई थी जहां आवेदन के आधार पर फतेहपुर चौकी में अपराध क्रमांक 13/23 धारा 420 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की गई जहां विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रृतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देशन में अति.पु.अधी.संदीप मिश्रा एसडीओपी पथरिया रघु केशरी के मार्गदर्शन में सायबर सेल की मदद से आरोपी की पतासाजी की जा रही थी जहां मुखबिर की सूचना पर 22 जून को मामले के मुख्य आरोपी जयदेव प्रसाद पिता केशरीलाल शर्मा उम्र 74 बर्ष टिन्कू पिता जयदेव निवासी दोनों निवासी लुहारो का चौक सागौत थाना जिला कोटा को ग्राम धजरई थाना टीकमगढ़ देहात जिला टीकमगढ़ से दस्तयाब कर बारीकी से पूछताछ की गई जिसमें आरोपी जयदेव से कोटा राजस्थान से 1 लाख 35 हजार नगदी एवं टिंकू पिता जयदेव केशवपुरा थाना महावीर नगर कोटा राजस्थान से 1 लाख 62 हजार रू.कुल 3 लाख 27 हजार रू. आरोपीगणों से बरामद करनें में पुलिस को दो बर्ष पूर्व पुराने ठगी के प्रकरण में सफलता मिली।वही आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।इस कार्यवाही मगरौन थाना प्रभारी बृजलाल पटेल स.उ.नि.नागेन्द्र सिंह परिहार प्र.आर.केवल नारायण मिश्रा आर.रामकिशोर अठया नवल सिंह डाबर धर्मेन्द्र सरमन लाल एवं सायबर टीम प्र.आर.सौरभ टंडन राकेश अठया का विशेष योगदान रहा।

# अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर रानी दुर्गावती के शौर्य और वीरता की कहानी बयां कर रही सिंग्रामपुर सिगोरगढ़ की पावन भूमि पर स्थित प्रतिमा स्थल पर वीरांगना रानी दुर्गावती के 460 वा बलिदान दिवस की अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय स्कूल में वीरांगना उत्सव में लोक गायन रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति के साथ साथ चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिसमें संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी शामिल होंगे। जिसकी तैयारियां अंतिम रुप दिया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वातंत्र्य समर त्रिलोक नायक का जीवन और अवदान सायं 5.00 बजे से ,लोक गायन श्री जानकी बैंड जबलपुर, नृत्य नाटिका वीरांगना रानी दुर्गावती, चित्र प्रदर्शनी वीरांगना रानी दुर्गावती आधारित लगाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:00 बजे से होगा जिसमें राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि जनों की उपस्थिति रहेगी। वहीं गोंडवाना समाज केद्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर शोभायात्रा के साथ सभा का आयोजन होगा।

### विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

तेंदूखेड़ा। गडा गोंडवाना की रानी अमर वीरांगना रानी दुर्गावती जी का बलिदान दिवस के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस द्वारा राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह गोंडवाना मंगल भवन तेंदूखेड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया है कि अमर वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर जयस द्वारा कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन में किया जा रहा है। जिसमें समस्त क्षेत्रवासी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 12:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसका समापन 3:00 बजे किया जाएगा। इसके बाद रैली के रूप में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के संबंध में खासकर नौरादेही विस्थापन के मामले में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा यथा स्थिति आदेश की कॉपी महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# पल्स पोलियों अभियान का कलेक्टर ने लिया जायजा

**दमोह**। जिले में आयोजित हो रहे पल्स पोलियों अभियान का कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा सिविल वार्ड नंबर 6 आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 85 का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई। साथ ही बिस्किट एवं टॉफी बच्चों को देकर उनसे चर्चा की। कलेक्टर श्री कोचर ने



आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित समस्त जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नविता जैन से ली। उन्होंने पल्स पोलियो के संबंध में जानकारी एएनएम दिनेश्वरी तेकाम से जानकारी ली। कलेक्टर ने बूथ पर की गई व्यवस्थाओं से संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ सरोजिनी जेम्स बैक सहित सबन्धित अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हटा ब्लॉक में 32 ऐसी शालाएं जहां एक-एक शिक्षक, चार शालाएं ऐसी जिसमें पढ़ाने के लिए भी शिक्षक नहीं

### शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी से अभियान को लग रहा पलीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जहां एक तरफ सरकार बच्चों को बढ़ाने के लिए स्कूल चले हम अभियान चला रही है वहीं दूसरी तरफ हटा विकासखंड में शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी से इस महत्वपूर्ण स्कूल चले हम अभियान की सफलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसे बड़ी विडंबना कहा जाएगा जहां शहरी क्षेत्र के स्कूलों में अतिशेष या दूसरे शब्दों में कहें तो आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की भरमार है। हटा के ग्रामीण अंचल के स्कूलों की बात करें तो चार शालाएं ऐसी हैं जहां बच्चों को पढ़ाने के लिए एक भी शिक्षक की व्यवस्था विभाग नहीं कर पाया है, वही 32 शालाएं ऐसी हैं जहां सिर्फ एक-एक शिक्षक पदस्थ है। यह जिम्मेदारों की अनदेखी का ही परिणाम है।

शिक्षक विहीन शालाओं में दर्ज बच्चों की पढ़ाई सतत रूप से जारी रखने वहां के जन शिक्षकों द्वारा अपने स्तर से व्यवस्था बनाई जाती है इन स्कूलों में अन्य स्कूलों के शिक्षकों को भेज दिया जाता है जहां एक या दो शिक्षक पहले से ज्यादा है लेकिन अतिशेष वाली शालाओं के शिक्षकों को स्थाई रूप से शिक्षक विहीन शालाओं में भेजने विभाग गंभीर नहीं है। जब बात स्थाई शिक्षकों को इन शिक्षक विहीन शालाओं भेजने या पदस्थ करने की आती है तो विभाग के आला अधिकारी अतिथि शिक्षकों से यहां अस्थाई व्यवस्था करवा देते हैं।

### चार शालाओं में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं

जन शिक्षा केंद्र रजपुरा के अधीन आनेवाली एमएस चौरईया, माध्यमिक शाला सिलापरी, माध्यमिक शाला नारायणपुरा, एवं कैसा आवाज जन शिक्षा केंद्र से एमएस गरेंह, जहां इन शालाओं में 50- 50 से ज्यादा बच्चे दर्ज हैं लेकिन इन्हें पढ़ाने के लिए विद्यालय में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है पिछले साल पड़ोस के स्कूलों एवं अतिथि शिक्षकों से व्यवस्था संभालने के लिए तैनात किया गया था वहीं ब्लॉक की 32 स्कूल ऐसे हैं जहां सिर्फ एक शिक्षक ही पदस्थ है। जिनके सामने यह समस्या बनी हुई है कि वे स्कूल में रहकर बच्चों को पढ़ाया या फिर स्कूल चले हम अभियान को सफल बनाने के लिए काम करें वहीं इसके अलावा विभागों की मीटिंग एवं अन्य कार्य करने के लिए ब्लॉक मुख्यालय जाना पड़ता है ऐसी स्थिति में एक शिक्षक कहां तक पांच-पांच कक्षाओं में अध्यापन का कार्य करते होंगे और कैसे बच्चे पढ़ते होंगे जिससे इन स्कूलों की शिक्षा के स्तर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### पुत्री शाला शाला हटा में 27 बच्चों पर 7 शिक्षक पदस्थ -

नगरीय क्षेत्र के शासकीय पुत्री शाला माध्यमिक विद्यालय मैं 27 बच्चे दर्ज हैं जिन्हें पढ़ाने के लिए यहां सात शिक्षक पदस्थ हैं जो जरूरत से काफी अधिक है इस विद्यालय में जरूरत से ज्यादा की पदस्थापना पिछले कई सालों से बनी हुई है यहां पदस्थ शिक्षक किसी न किसी के प्रभाव की आड़ लेकर कई सालों से इसी स्कूल में पदस्थ होकर आराम की नौकरी कर रहे हैं।

### मिली भगत से बने ऐसे हालात

दरअसल शहरी क्षेत्र में शिक्षकों की भरमार होने का प्रमुख कारण शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इन शिक्षकों या उनके परिवार जनों की मिलीभगत साफ जाहिर है। मुख्यालय होने की वजह से शहरी स्कूलों में ही सर्वाधिक शिक्षकों की भरमार है ग्रामीण क्षेत्रों में जाने से बचने इन शिक्षकों ने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों से मिलकर अपने को शहरी शाला में पदस्थापित करवा रखा है।